# पलके बिछाये खड़े द्वार सांवरे भजन लिरिक्स

पलके बिछाये खड़े द्वार सांवरे,
तेरे भक्तों को है इंतजार सांवरे,
पलके बिछाये खड़े द्वार साँवरे।bd।

तर्ज – पलको का घर तैयार।

---

चुन चुन कलियाँ तेरे लिए मैं,
बगिया से हूँ लाया,
बड़े चाव और बड़े भाव से,
दिल से तुझे सजाया,
तुम आकर तो देखो एक बार सांवरे,
तुम आकर तो देखो एक बार सांवरे,
पलके बिछाये खड़े द्वार साँवरे।bd।

---

श्याम धणी कुटिया में मेरी,
एक बार तो आओ,
प्रेम भाव का भोग ये मेरा,
आ कर भोग लगाओ,
मेरी विनती करो स्वीकार सांवरे,
मेरी विनती करो स्वीकार सांवरे,
पलके बिछाये खड़े द्वार साँवरे।bd।

---

तीन बाण के धारी जानु,
तू हारे का सहारा,
बालक तेरा 'अनिल मित्तल',
काहे श्याम बिसारा,
अपने बालक को देदो तुम प्यार सांवरे,
अपने बालक को देदो तुम प्यार सांवरे,
पलके बिछाये खड़े द्वार साँवरे।bd।

---

पलके बिछाये खड़े द्वार सांवरे,
तेरे भक्तों को है इंतजार सांवरे,
पलके बिछाये खड़े द्वार साँवरे।bd।

**Singer – Anil Mittal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com